# जेल मुख्यालय,मध्यप्रदेश,भोपाल

क्रमांक 10635 /प्रहरी–स्था./2021, भोपाल, दिनांक 21/06/2021

21 JUN 2021

जेल भर्ती परीक्षा, 2020 में प्रहरी पद हेतु द्वितीय चरण के लिये योग्य घोषित किए गए अभ्यर्थियों के शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट आयोजन की सूचना।

––00––

मध्यप्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रहरी भर्ती परीक्षा, 2020 के अंतर्गत दिनांक 11 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2020 को ऑनलाईन परीक्षा आयोजित की गई थी । उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 10.04.2021 को प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा घोषित किया जा चुका है, जिसमें प्रहरी पद हेतु द्वितीय चरण के लिये सफल उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड, भोपाल में दिनांक 12 जुलाई से 16 जुलाई, 2021 तक प्रातः 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | रोल नम्बर | शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लेने की तिथि | शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिये जाने का स्थान | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 20585958 से 20646491के मध्य (कुल पात्र 600 अभ्यर्थी) | दिनांक 12 जुलाई, 2021 | मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल | प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 02 | 20646836 से 20708152के मध्य (कुल पात्र 600 अभ्यर्थी) | दिनांक 13 जुलाई, 2021 | मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल | प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 03 | 20708261 से 20765685 के मध्य (कुल पात्र 600 अभ्यर्थी) | दिनांक 14 जुलाई, 2021 | मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल | प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 04 | 20766503 से 20835473के मध्य (कुल पात्र 600 अभ्यर्थी) | दिनांक 15 जुलाई, 2021 | मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल | प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |
| 05 | 20835732 से 20891774 के मध्य (कुल पात्र 445 अभ्यर्थी) | दिनांक 16 जुलाई, 2021 | मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम, भोपाल | प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक |

प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक सत्यापन आधार कार्ड/क्रमांक के आधार पर किया जाएगा! इस सूचना पत्र को शारीरिक प्रवीणता परीक्षा के समय साथ लाने के अतिरिक्त आप अपनी पहचान हेतु ड्रायविंग लायसेन्स, वोटर आई.डी. कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई भी एक, साथ लाना होगा। शासन द्वारा जारी किये गये मान्यता प्राप्त पहचान पत्र उपलब्ध न होने पर स्कूल/कॉलेज का नवीनतम पहचान पत्र भी मान्य किया जाएगा।

द्वितीय चरण हेतु पात्र घोषित किए गए अभ्यर्थी उपरोक्त पहचान पत्र के अतिरिक्त प्रोफे नल एग्जामिने न बोर्ड द्वारा अपलोड किए गए रिजल्ट एडमिट कार्ड के साथ अपने मूल दस्तावेज, समस्त मूल दस्तावेजों की दो सेट छायाप्रति, दो छायाचित्र (फोटो) आदि एवं संलग्न प्रपत्र में जानकारी भरकर निर्धारित दिनांक एवं समय पर शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, पुलिस परेड ग्राउण्ड, भोपाल में उपस्थित हों।

(महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं द्वारा अनुमोदित)

जेल उप महानिरीक्षक
मध्यप्रदेश,भोपाल

दूरभाष क्रमांक – 0755– 2573518
– 0755–2552348

# जेल मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

विषय :– जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2020 में द्वितीय चरण में प्रहरी पद हेतु योग्य घोषित किए गए अभ्यर्थियों के शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक प्रवीणता परीक्षण हेतु आवश्यक निर्देश।

****

विषयांकित तारतम्य में आपको अवगत कराया जाता है कि जेल विभाग में प्रहरियों की भर्ती 2020 हेतु आयोजित परीक्षा में मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आपको लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया गया है। मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल पर शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक प्रवीणता टेस्ट हेतु आवश्यक निर्देश निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| पुरूष के लिए | 800 मीटर दौड़ 2 मिनिट 50 सेकेण्ड | 7.260 किलोग्राम का गोला 20 फिट |
| भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड सैनिक | 800 मीटर दौड़ 3 मिनिट 15 सेकेण्ड | 7.260 किलोग्राम का गोला 15 फिट |
| महिला के लिए | 800 मीटर दौड़ 4 मिनिट 00 सेकेण्ड | 04 किलोग्राम का गोला 16 फिट |

1. शारीरिक नापजोख में पुरूष उम्मीदवारों की ऊंचाई 165 से.मी. एवं महिला उम्मीदवारों की ऊंचाई 158 से. मी. होनी चाहिए।
2. पुरूष अभ्यर्थियों का सीना 83 से.मी. बिना फुलाए होना आवश्यक है। महिला अभ्यर्थियों के लिए सीने का माप अपेक्षित नहीं है।
3. अभ्यर्थी की दोनों आंखों की दृष्टि सामान्य होनी चाहिए और उसे जेल की सेवाओं के लिए शारीरिक दृष्टि से उपयुक्त होना चाहिए।
4. यदि अभ्यर्थी दौड़ में क्वालीफाई नहीं करता है तो उसे गोला फेंक में भाग लेने नहीं दिया जाएगा।
5. गोलाफेंक क्वालीफाई करने के लिये अभ्यर्थी को अधिकतम 3 अवसर दिये जाएंगे।
6. शारीरिक प्रवीणता परीक्षा केवल क्वालीफाईंग स्वरूप की होगी। इसमें कोई पूर्णांक, प्राप्तांक नहीं होंगे। परीक्षा परिणाम से उम्मीदवार को तुरंत मौके पर ही अवगत करा दिया जाएगा।
7. शारीरिक प्रवीणता परीक्षा का वीडियो रिकार्ड किया जाएगा। अपने मूल्यांकन से असंतुष्ट रहने पर अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के समक्ष तत्काल अपील की जाएगी, जो उसका वीडियो कवरेज देखकर निराकरण करेगी। किसी भी स्थिति में उम्मीदवार को दूसरी बार शारीरिक प्रवीणता परीक्षण का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
8. शारीरिक प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन कराया जाएगा। दस्तावेजों के सत्यापन में पात्र अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन आधार कार्ड के द्वारा कराया जाएगा।
9. दस्तावेजों का सत्यापन न होने अथवा बायोमेट्रिक मिलान (सत्यापन) न होने पर अभ्यर्थी को अपात्र माना जाएगा।
10. शारीरिक नापजोख व प्रवीणता टेस्ट में सम्मिलित होने के लिये प्रपत्र संलग्न किया जा रहा है। अभ्यर्थी प्रपत्र पर अपना फोटो चस्पा कर उक्त फोटो पर स्वयं हस्ताक्षर कर अभिप्रमाणित करेंगे। रोल नम्बर, नाम, पिता का नाम व पता स्वयं अभ्यर्थी द्वारा पूर्ति की जाकर प्रपत्र को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।**अभ्यर्थी अपने साथ मूल शैक्षणिक/जाति आदि प्रमाण पत्रों एवं उनकी अभिप्रमाणित छाया प्रति आवश्यक रूप से लाएं।**
11. अभ्यर्थी को कार्यग्रहण के समय नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के समक्ष ऊंचाई व सीने का माप पुनः देना होगा।
12. शारीरिक प्रवीणता टेस्ट हेतु उम्मीदवार को स्वास्थ्य अथवा किसी भी अन्य आधार पर परीक्षा से छूट नहीं दी जा सकेगी एवं न ही उक्त के लिए किसी प्रकार का चिकित्सीय प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाएगा।
13. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को यात्रा प्रतिपूर्ति का भुगतान ई–भुगतान पद्धति से सीधे उसके बैंक खाते में किया जाएगा। अतः संलग्न प्रारूप में अपना बैंक खाता विवरण आवश्यक रूप से साथ लेकर आएं।
14. समस्त अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वे हाथ पर किसी भी प्रकार का टेटू/मेहंदी या अन्य पदार्थ लगाकर न आएं।

**(महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं द्वारा अनुमोदित)**

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

(संजय पाण्डेय)
जेल उप महानिरीक्षक
मध्यप्रदेश, भोपाल.

## शारीरिक नापजोख/प्रवीणता टेस्ट

**:: प्रपत्र ::**

| अभ्यर्थी का स्वयं हस्ताक्षरित फोटो |
|---|

अभ्यर्थी का रोल नम्बर :– ..............................................

नाम : ..........................................................पिता का नाम ......................................................

निवास का पता ..................................................................................................................................

### (अ) शारीरिक प्रवीणता टेस्ट :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) 800 मीटर दौड़<br>निर्धारित समय पुरूष 2 मि. 50 सेकेण्ड<br>महिला 4 मिनट<br>भूतपूर्व सैनिक 3 मिनिट 15 सेकेण्ड | अभ्यर्थी का टेस्ट.................... | परिणाम................ | अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |

**हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति अध्यक्ष**

| | अभ्यर्थी का टेस्ट | | | परिणाम..... | अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| (ii)गोला फेंक<br>निर्धारित दूरी पुरूष 20 फिट<br>महिला 16 फिट<br>भूतपूर्व सैनिक 15 फिट | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | | |
| | | | | | |

**हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति अध्यक्ष**

### (ब) शारीरिक प्रवीणता टेस्ट :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i)निर्धारित सीने का माप (पुरूष) 83 सें.मी. | अभ्यर्थी के सीने का माप.............. ........ | परिणाम............ ... | अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |

**हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति अध्यक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ii)निर्धारित ऊंचाई<br>पुरूष 165 सें.मी.<br>महिला 158 सें.मी. | अभ्यर्थी की ऊंचाई ..................... | परिणाम............ ... | अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |

**हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति सदस्य** **हस्ता/उप समिति अध्यक्ष**

1. शारीरिक प्रवीणता टेस्ट में 800 मीटर दौड़ में अनुत्तीर्ण हो जाने पर गोला फेक के लिये अपात्र माना जावेगा ।
2. गोला फेंक में पात्र पाये जाने पर ऊँचाई की माप की जाएगी।
3. ऊँचाई में पात्र पाये जाने पर सीने की माप की जाएगी।
4. सीने की माप में पात्र पाये जाने पर अभिलेखों का सत्यापन एवं बायोमेट्रिक सत्यापन आधार कार्ड से किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर प्राप्त किये जाएँगे यदि अभ्यर्थी हस्ताक्षर करने से इंकार करे तो ऐसी टीप समिति के अध्यक्ष द्वारा अंकित की जावेगी ।
6. दस्तावेज परीक्षण हेतु अभ्यर्थी अपने साथ मूल शैक्षणिक/जाति आदि प्रमाण पत्रों /रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र एवं उनकी अभिप्रमाणित छाया प्रतियां आवश्यक रूप से लावें ।

# भुगतान प्राप्त करने के लिए स्वयं के बैंक खाते का विवरण

* * *

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थी का रोल नम्बर | :———————————— |
| 2. | नाम (जैसा बैंक खाते में है) हिन्दी में | :———————————— |
| 3. | नाम अंग्रेजी में | :———————————— |
| 4.. | बैंक खाता कमांक | :———————————— |
| 5. | बैंक का नाम | :———————————— |
| 6. | बैंक शाखा का नाम | :———————————— |
| 7. | बैंक का IFSC CODE | :———————————— |

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**